देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

कुलपतिजी की अध्यक्षता में विभागाध्यक्षों एवं 'नेक' की कोर समिति के सदस्यों की दिनांक 10.4.2013 को सम्पन्न बैठक का कार्य–विवरण

बैठक में संलग्न सूची अनुसार विभागाध्यक्ष/ प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में कुलसचिव एवं उप–कुलसचिव (शैक्षणिक एवं विकास) भी उपस्थित थे।

बैठक में **Accreditation** के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं निम्नांकित अनुशंसाएँ की गई :

(1) दिनांक 10 अप्रैल, 2013 तक जानकारी चाही गई थी। जिन विभागों से जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, वे दि. 16 अप्रैल, 2013 तक अनिवार्य रूप से भेजें।

(2) प्रत्येक विभाग में कोर समिति का गठन किया जाए, जिसमें दो सदस्य नामांकित किए जाएँ। जिन विभागों में शिक्षकों की संख्या कम है उन विभागों से एक सदस्य नामांकित किया जाए। उक्त प्रक्रिया शनिवार 13.4. 2013 तक पूर्ण कर ली जाए।

(3) अध्ययन परिषदों में विषयों हेतु सिमगपइपसपजल का प्रावधान किया जाए। **Academic Flexibility** के लिए निम्नानुसार एक समिति का गठन किया जाए :

1. डॉ.सुरेश चांद, विभागाध्यक्ष, जीवन विज्ञान अध्ययनशाला : समन्वयक
2. डॉ. गणेश कावड़िया, विभागायक्ष, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला
3. डॉ. अभय कुमार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स अध्ययनशाला
4. डॉ. व्ही.बी. गुप्ता, विभागाध्यक्ष, भविष्यत अध्ययनशाला
5. उप–कुलसचिव (शैक्षणिक)

समिति **Academic Flexibility, interdisciplinary approach, choice based credit system** आदि पहलुओं पर विचार–विमर्श कर प्रतिवेदन एक माह में प्रस्तुत करेगी।

(4) शोध कार्यों का संकलन, शोध कार्यों के उन्नयन एवं शोध संबंधी नीति निर्धारण के संबंध में टास्क ग्रुप की अनुशंसाओं पर कार्यवाही डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, बायो–टेक्नालॉजी अध्ययनशाला द्वारा की जाए।

......2.

(5) महाविद्यालयों के छात्रों को विश्वविद्यालय में शोध सुविधाओं का लाभ न्यूनतम शुल्क पर प्रदान किया जाए तथा महाविद्यालयों में भी शोध कार्यों को प्रोत्साहित किया जाए। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव द्वारा एक पत्र समस्त महाविद्यालयों को प्रेषित किया जाए।

(6) विभिन्न उपकरणों एवं सुविधाओं के रख–रखाव के संबंध में प्रभावी कार्यवाही की जाए।

(7) ई.एम.आर.सी. द्वारा विश्वविद्यालय पर एक डाक्यूमेंट्री तैयार की जाए।

(8) ऊर्जा एवं पर्यावरण के संबंध में कार्यों का संकलन एवं उन्नयन संबंधी कार्य डॉ. एस.पी. सिंह, विभागाध्यक्ष, ऊर्जा एवं पर्यावरण अध्ययनशाला तथा संबंधित टास्क ग्रुप द्वारा किया जाए।

(9) **Human Values and Professional Ethics** पर कार्यशाला/संगोष्ठी/व्याख्यान का आयोजन किया जाए। संबंधित टास्क ग्रुप के समन्वयक डॉ. पी.एन. मिश्रा, निदेशक, प्रबंध अध्ययन संस्थान् द्वारा इस हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

(10) विश्वविद्यालय का एक अच्छा ब्रोशर तैयार किया जाए। प्रत्येक विभाग का भी अपना एक ब्रोशर होना चाहिए। विश्वविद्यालय के ब्रोशर का समन्वयन डॉ.ए.के. सिंह, समन्वयक, तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाए।

(11) वेबसाईट को और अधिक **attractive** तथा **relevant** बनाने का प्रयास किया जाए। विभागीय जानकारी वेबसाईट पर अपग्रेड की जाए।

(12) आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ का व्यवस्थित कार्यालय शीघ्र स्थापित किया जाए।

(13) सांस्कृतिक केलेण्डर तैयार कर युवा उत्सव, संगोष्ठियों आदि में अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह कार्यवाही अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा सम्पन्न की जाए।

(14) विश्वविद्यालय में **Alumni Cell** गठित किया जाए। इस हेतु प्रस्ताव डॉ. माया इंगले तथा अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा तैयार कर एक माह में कुलपतिजी को प्रस्तुत किया जाए।

(15) **Student's feedback** ऑन लाईन प्राप्त किया जाए।

......3.

(16) अनुदान देने वाली संस्थाओं को उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय पर भेजने हेतु प्रयत्न किए जाएँ एवं इस प्रक्रिया को सरल बनाया जाए।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी.